दिव्यांग बच्चों की देखभाल हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी: गजेन्द्र प्रसाद

जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा समुदाय आधारित पुनर्वास शिविर का आयोजन
24 दिव्यांग बच्चों को परामर्श, उपचार पश्चात् प्रदान की गई कृत्रिम सामग्री

रायगढ़। जेएसपीएल फाउण्डेशन, सीएसआर जेपीएल तमनार द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन के अंतर्गत क्षेत्र के सर्वेंगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रही है। क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य वातावरण निर्माण करने के लिए रायगढ़ स्थित 'आशा द होप' पूनर्वास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय 'समुदाय आधारित पूनर्वास शिविर' का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 24 दिव्यांग बच्चों को परामर्श एवं उपचार पश्चात् उनसे संबंधित कृत्रिम सामग्री प्रदान किया गया। वहीं सीतापारा, कचकोबा बिरहोर समुदाय के बच्चों को उनके ऑनलाईन शिक्षा उपलब्धता हेतु मोबाईल सेट प्रदान किये गये।

उल्लेखनीय है कि 'आशा द होप' रायगढ़ दिव्यांग बच्चों का पुनर्वास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र है, जहॉ विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों की देखभाल एवं उपचार पश्चात् संबंधित बच्चे को कृत्रिम अंग प्रदान किये जाते हैं एवं कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किये जाते है। इसी क्रम में तमनार क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के परिजनों के आग्रह पर एक दिवसीय 'समुदाय आधारित पूनर्वास शिविर' का आयोजन मेजर जनरल रिटा. गजेन्द्र प्रसाद, प्रेसिडेंट, जेपीएल, तमनार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर श्री राजेश रावत, प्रबंधक, जेपीएल तमनार, डॉ.हेमेन्द्र साहू, चिकित्सक, संजीवनी हेल्थ सेंटर, डॉ. अशोक पण्डा, प्रभारी 'आशा द होप' रायगढ, डॉ. भारती कुंडु, डॉ. दीपिका दास, चंचला पटेल, शोभना दुबे, देव कुमार एवं रजत तिर्की 'आशा द होप' रायगढ के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए राजेश रावत ने कहा कि जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार अपने सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत तमनारांचल में स्वास्थ्य बेहतरी के लिए सतत् प्रयत्नशील है एवं विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के साथ स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका सम्पूर्ण लक्ष्य क्षेत्र के आम जन मानस को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभान्वित करना है। कार्यकम में उपस्थित मेजर जनरल रिटा. गजेन्द्र प्रसाद ने अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में कहा कि जिले में एक अग्रणी कारपोरेट होने के नाते यह हमारी उत्तरदायित्व बनता है कि क्षेत्र में एक नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चत की जाये, जिससे कि आम जनमानस स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण में खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होनें जोर देकर कहा कि दिव्यांग बच्चों की समुचित देखभाल हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है एवं संस्थान आने वाले समय में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन इन बच्चों के बेहतरी के लिए करती रहेगी।



कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित

शिविर के दौरान तमनार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से जागरूक परिजन अपने दिव्यांग बच्चों के साथ शिविर में उपस्थित होकर चिकित्सकों से चिकित्सकीय परामर्श व उपचार कराये। इस अवसर पर शताधिक परिजन, ग्रामीण प्रबुद्ध जन, 'आशा द होप' पुनर्वास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ के समस्त कर्मचारी, जेएसपीएल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं टीम सीएसआर के कर्मचारी उपस्थित थे।